रेजिडेंट डॉक्टर्स की हडताल तीसरे दिन भी जारी

उदयपुर। उदयपुर के रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज (आरएनटी) में करंट लगने से डॉक्टर की मौत को लेकर रेजीडेंट डॉक्टरों की हडताल शनिवार को भी जारी रही। इससे पहले रेजीडेंट डॉक्टरों ने रात को मॉर्च्यूरी के बाहर धरना दिया था। उदयपुर के रवींद्रनाथ टैगोर (आरएनटी) मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक भवन के बाहर करंट लगने से डॉक्टर की मौत को लेकर रेजीडेंट डॉक्टरों की हडताल अभी भी जारी है। इससे पहले रेजीडेंट डॉक्टरों ने रात को मॉर्च्यूरी के बाहर धरना दिया था। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक भवन के बाहर रेजीडेंट डॉक्टरों ने धरना और नारेबाजी की है। दोबारा पोस्टमार्टम के लिए जयपुर से टीम भी यहां पहुंच गई है। टीम के अनुसार अभी तक किसी भी मांग पर सहमति नहीं बनी है। पदाधिकारियों ने कहा कि मांगों पर सहमति के लिए बातचीत चल रही है लेकिन हमें अभी तक लिखित में कुछ नहीं दिया गया है, ऐसे में हम कैसे मान लें कि मांगें मान ली गई हैं।रेजिडेंट डॉक्टर्स प्रशासनिक भवन पर धरना दे रहे। उल्लेखनीय है कि मकराना (नागौर) निवासी डॉ. रवि शर्मा की बुधवार देर रात दो बजे करंट लगने से मौत हो गई।

'योग केवल आंतरिक पूर्णता ही नहीं अपितु पंच तत्वों के संतुलन की क्रिया भी है'

उदयपुर। 11वें विश्व योग दिवस पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं भूपाल नोबल्स विवि के संयुक्त तत्वावधान में भूपाल नोबल्स संस्थान के इंडोर स्टेडियम में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आयोजित योग शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया, वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा, सदस्य डॉ. युवराज सिंह राठौड, कमलेश्वर सिंह सारंगदेवोत, डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. रोहित कुमावत ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया।

शिविर में कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने सम्मानित किया।

योग शिविर में बड़ी संख्या में शरीक विद्यापीठ, बीएन विवि के कार्यकर्ता, विद्यार्थी व शहर के गणमान्य नागरिकों को योग गुरू डॉ. रोहित कुमावत, रंजना राणा, अनिता राजपुत, नम्रता दवे, मानव कुमावत द्वारा स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर सभी कार्यकर्ताओं को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, वज्रासन, चक्रासन, वक्रासन, हलासन, सर्वांगासन, पश्चिमोतान आसन, गोमुखासन, मत्स्यासन, उष्ट्रासन, ताड़ासन, पादहस्तासन, का करीब एक घंटे तक अभ्यास कराया। कार्यक्रम के अंत में हास्य योग का भी अभ्यास कराया गया। समारोह में योग गुरूओं का अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रो. सारंगदेवोत ने योग प्रेमियों से कहा कि प्राचीन समय से ही भारत योग के माध्यम से विश्व गुरू रहा है, आज की युवा पीढी तकनीकी युग में इसे भूल रही है जिससे युवा कई बीमारियों से ग्रसित हो रहा है। योग केवल आंतरिक पूर्णता ही नहीं अपितु पंच तत्वों के संतुलन की क्रिया भी है जिसके माध्यम से हम शारीरिक, मानसिक, संवेदनात्मक एवं प्राकृतिक संतुलन स्थापित करते हैं। आज की युवा पीढी को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया ने कहा कि गीता में मन के समभाव योगक्रम कौशल और कर्मयोग के रूप में योग को उल्लेखित किया गया है। मनोकायिक रोग जैसे मधुमेह, सर्वाइकल, कब्ज, मनोरोग जैसे गंभीर रोग योगाभ्यास से दूर किये जा सकते है। मन की शांति के लिए योग महत्वपूर्ण है। योग शिविर में रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, डीन प्रो. रेणु राठौड, प्रो. सरोज गर्ग, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. भपानी पाल सिंह राठौड, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, प्रो. प्रेमसिंह रावलोत, प्रो. मलय पानेरी, प्रो. गजेन्द्र माथुर, डॉ. अमिया गोस्वामी, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, डॉ. सुनिता मुर्डिया, सहित दोनों संस्थानों के डीन डायरेक्टर ने योग का अभ्यास किया।

- 11वां विश्व योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया

खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी.रविकान्त को ज्ञापन दिया

भूविज्ञान विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभागीय कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष ललित पानेरी के तत्वावधान में प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त को ज्ञापन सौंपा।

उदयपुर। खान एवं भूविज्ञान विभाग मंत्रालयिक एवं तकनीकी संवर्ग की पदौन्नति हेतु काफी वर्षों से डी.पी.सी. लम्बित चल रहीं है। कुछ कर्मचारी जो पदौन्नति हेतु पात्र थे, परन्तु पदौन्नति नहीं दी जा सकी थी, उन कर्मचारियों के छायापद भी वित्तीय विभाग से सृजित होकर प्राप्त हो चुके है। पदौन्नति नहीं होने से कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है विभागीय कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष ललित पानेरी के तत्वावधान में खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी.रविकान्त को ज्ञापन सौंपा गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)MIN/R.EC/1764 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5890552N दि. 3.3.2025 के द्वारा श्रीमती नीलम साहू को नि. ग्रा. सवीना, तहसील गिर्वा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 04/2011 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)MIN/R.EC/1393 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5208021N दि. 3.3.2025 के द्वारा श्रीमती चंचल दवा को नि. ग्रा. सवीना, तहसील गिर्वा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 12/2011 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)MIN/R.EC/0704 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5238879N दि. 20.2.2025 के द्वारा मेसर्स चारभुजा मिनरलस एंड क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. उमरडा, तहसील गिरवा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 06/2008 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)MIN/R.EC/1595 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5524375N दि. 3.3.2025 के द्वारा मेसर्स चारभुजा मिनरलस एंड क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. उमरडा, तहसील गिरवा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 61/1997 क्षेत्र 2.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्री नारायण मोची पिता स्व.श्री देवचन्द जी मोची निवासी प्रगति नगर, बांसवाड़ा से प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी के पुत्र श्री सौरभ मोची ने मेरे व्यवहारी की ईच्छा के विरूद्ध नेहा मोची के साथ करीबन एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह संम्पन्न किया था जिसमें मेरी कोई सहमति नहीं थी। उस प्रेम विवाह के बावजुद भी मेने अपने पुत्र एवं पुत्रवधु को अपना लिया था किन्तु विवाह के बाद मेरे पुत्र एवं पुत्र वधु दोनो मिलकर आये दिन मेरे व्यवहारी के साथ मारपीट, लडाई झगडा एवं गाली गलौच किया जाता है तथा आये दिन झूठे झूठे तथ्यों का आधार लेकर पुलिस में शिकायते प्रस्तुत की जा रही है जिससे मेरा व्यवहारी काफी मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो चुका है तथा दोनो मेरे व्यवहारी के कहने में नहीं है इसलिए मेरे व्यवहारी अपने पुत्र सौरभ मौची एवं पुत्र वधु नेहा मोची को समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। लिहाजा कोई भी व्यक्ति मेरे व्यवहारी की चल अचल सम्पत्ति को लेकर या उसके नाम से उपरोक्त सौरभ मोची एवं नेहा मोची से किसी प्रकार का आर्थिक एवं सामाजिक संव्यवहार नहीं करे यदि किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरा व्यवहारी ऐसे किसी संव्यवहार के लिये इस आम सूचना के पश्चात जिम्मेदार नहीं रहेगा। सो सूचित रहे।

उदयपुर
दिनांक: 21.06.25

(कन्हैयालाल टांक) एडवोकेट
ऑफिस : 29 ए, जय श्रीनाथ अपार्टमेन्ट के पास, सिद्धार्थ नगर, न्यू भूपालपुरा, उदयपुर (राज.)
मो. 9414473079

भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई हैं। गुम हो गई हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति / व्यक्तियों को यह रसीद मिलती है तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरूपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

पता-एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि., ग्राउण्ड फ्लोर, दुकान नं. 5 एवं 6, पैनेसोनिक शोरूम के पास, भाग्योदय होटल के सामने, एनएच नं.-8-48, स्थान व पोस्ट खैरवाडा, राज. पिन-313803

अनुलग्नक-ए			
खोने की तिथि	खोने का स्थान	रसीद बुक संख्या	रसीद नम्बर
9 जून 25	खैरवाडा, आरजे	112017	2800414-2800425

खुशनुमा मौसम के बीच उत्साह से किया योग

उदयपुर। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को जिलेभर में खुशनुमा मौसम के बीच उत्साह के साथ मनाया गया। उदयपुर जिला मुख्यालय पर राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री एवं जिले के प्रभारी श्री हेमन्त मीणा व प्रभारी सचिव टी रविकांत के आतिथ्य में गांधी ग्राउण्ड में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। वहीं शहर में 13 अन्य स्थलों पर भी योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया।

योग दिवस पर गांधी ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास करते जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन।

- गांधी ग्राउण्ड में प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

इनमें ढाई लाख से अधिक लोगों ने सहभागिता निभाई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान हल्की बूंदाबांदी एवं ठंडी हवाओं ने पूरे वातावरण को अत्यंत सौम्य और मनोहारी बना दिया। इस प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य खुले मैदान में हजारों लोगों ने योग कर आत्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव किया। उधर, प्रत्येक ब्लॉक व ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी योगदिवस मनाते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री श्री किरोड़ीलाल मीणा, लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंहमीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, जिला कलक्टर नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल भी बतौर अतिथि शामिल हुए।

प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयुर्वेद विभागउपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक नोडल अधिकारी व संयोजक वैद्य शोभालाल औदिच्य ने योगाभ्यास के प्रोटोकॉल व रूपरेखा की जानकारी दी। सुबह ठीक 7 बजे निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम शिथीलन क्रियाओं का अभ्यास हुआ। इसके पश्चात खड़े रहकर किए जाने वाले तथा उसके पश्चात बैठकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया।

आदिवासी संस्कृति और विकास को नष्ट कर रहे बीएपी की लूटेरी गैंग

उदयपुर। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि बीएपी आदिवासी संस्कृति और विकास को नष्ट करने में लगी हुई है। बीएपी एक लूटेरी गैंग है और इनका सरगना राजकुमार रोत है जो हाल में एसीबी द्वारा रंगे हाथों पकडे गए इनकी पार्टी के विधायक को भी बचाने में लगे हैं। बीएपी के नेता आदिवासी क्षेत्र में नकारात्मक राजनीति, व्यक्तिवादी सोच के साथ झूठ, फरेब, चर्च का एजेंडा और आदिवासी क्षेत्र को बांग्लादेश बनाने जैसे बयान देने वाले हैं।

सांसद डॉ रावत ने शनिवार को यहाँ जिलापरिषद में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कही। पत्रकार वार्ता में विधायक फूलसिंह मीणा व भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह भी उपस्थित थे। सांसद रावत ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आदिवासियों सहित भारत के सभी जन के हितों के लिए लगातार काम कर रही है और इसीलिए भाजपा का विजय रथ आगे बढ रहा है। जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए कई सारी योजनाएं केंद्र सरकार और राज्य सरकार ला रही है जिससे आदिवासी समाज व क्षेत्र की उन्नति की राह पर बढ रहा है। जनजाति को सम्मान देने के लिए मोदी सरकार ने जनजाति गौरव दिवस घोषित किया और धरती आबा जैसी योजनाओं से जनजाति विकास का काम किया।

जनजाति कार्य मंत्रालय और जनजाति आयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी भाजपा सरकार ने किए। इसके विपरीत मेवाड के आदिवासी क्षेत्र में बीएपी युवा विरोधी, महिला विरोधी, संस्कृति विरोधी, भील विरोधी व विकास विरोधी एजेंडा चला रही है जो ठीक नहीं है। ये नेता मेवाड वागड को बांग्लादेश बनाने की बात करते हैं। आदिवासियों के अधिकारों को लेकर आदिवासी समाज जागरुक है।

- पत्रकार वार्ता में सांसद मन्नालाल रावत ने लगाए आरोप

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं. 81 दिनांक: 20/06/2025

लोक-सूचना

श्री अरविन्द कुमार पिता श्री गौरी शंकर नन्दवाना निवासी चारभुजा गली मोही तहसील व जिला राजसमन्द एवं श्री महेन्द्र कुमार सहलोत पिता श्री बसन्ती लाल जैन निवासी हिंगड मौहल्ला जुणदा तहसील रेलमगरा जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	आसोटिया	186	रकबा 0.2995 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20/6/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/भूमि/25/2418 दिनांक :

-:आपत्तीय सूचना:-

एतद द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजो के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/ भवन का नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवसमें नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पड़ोस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री पुष्पेन्द्र सिंह भदोरिया पुत्र श्री सुरेश सिंह हाल नाथद्वारा मूल नि. भदाकुर, मध्यप्रदेश	श्रीनाथ कॉलोनी, नाथद्वारा क्षेत्रफल 1064 वर्गफिट	आम रास्ता 30 फिट	श्री प्यारे लाल गमेती की भूमि	श्रीमती अंजना कुवर वैष्णव का मकान	वन विभाग की भूमि

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरी पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- 43 दिनांक-20.5.2025

-: ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत खजुरी मे महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 01/7/2025 सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। जिसका **UBN N0. ZUD2526GLRC01051** है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत खजुरी
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरी
पं.स.गिर्वा,
जिला-उदयपुर (राज.)

गिट्स में योग दिवस का आयोजन

उदयपुर। गीतांजली इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज, उदयपुर में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के बैनर तले योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गिट्स परिवार के सभी सदस्यों ने इसमें सम्मिलित योग से होने वाले फायदे का आनन्द उठाया। संस्थान के निदेशक डॉ. एस एम् प्रसन्ना कुमार ने योग के शुरूआत करते हुए बताया कि योग से तन मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा मनुष्य के व्यक्तित्व का विकास होता हैं। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं समाज में रहने के लिए तन से स्वस्थ होना जरूरी हैं क्योंकि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का विकास होता हैं। योग करने से शरीर की सारी नसें खुल जाती हैं तथा शरीर के हर भाग को आक्सीजन मिलता है।

साई तिरुपति विवि का तृतीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न

उदयपुर। साई तिरुपति विश्वविद्यालय, उमरड़ा का तृतीय दीक्षांत समारोह मेवाड़ बेनक्वेट हॉल में सम्पन्न हुआ। इसमें मेडिकल संकाय के करीब 150 एमबीबीएस तथा 70 एमडी/ एमएस छात्रों को डिग्री तथा सभी संकायों के कुल 11 छात्रों को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम सिटी वार सिंह थे। उन्होंने मेडिकल डिग्री पास करने पर सभी फैकल्टी के विद्यार्थियों, फैकल्टी मेंबर और गौरवान्वित अभिभावकों को आने वाले जीवन एवं नवीन शुरुआत के लिए बधाई दी। मेडिकल क्षेत्र एक नेक कार्य है, चिकित्सकों को गॉड ऑफ द अर्थ कहा जाता है, इस प्रोफेशन की जिम्मेदारी को समझते हुए पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। अपने मूल्यों और आदर्शों के साथ देश की सेवा करें। समारोह के शुभारंभ की घोषणा तथा अध्यक्षता चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने की। साई तिरुपति विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों, उनमें पढ़ाए जा रहे मेडिकल, एलाइड मेडिकल तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों, कैंपस मे उपलब्ध शैक्षणिक व अन्य आधारभूत सुविधाओं, रिसर्च प्रोग्राम, विगत 09 वर्षों की विकास यात्रा तथा दक्षिणी राजस्थान के अग्रणी पिम्स हॉस्पिटल की उपलब्धियों तथा अत्याधुनिक उपचार सेवाओं का लेखाजोखा प्रस्तुत किया।

उदयपुर में साई तिरुपति विवि का तृतीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ।

5300 से अधिक स्थलों पर योगाभ्यास, 2.53 लाख से अधिक की सहभागिता

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर समूचे उदयपुर जिले में लोगों में अपार उत्साह देखा गया। जिले में प्रशासन तथा विभिन्न विभागों की सहभागिता में 5340 योग अभ्यास के कार्यक्रम हुए। इनमें 2 लाख 53 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता रही। गांधी ग्राउण्ड के अलावा उदयपुर के 13 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें फतहसागर की पाल, मोती मगरी, सिटी पैलेस, गणगौर घाट, सहेलियों की बाड़ी, गुलाब बाग, गांधी मूर्ति, सज्जनगढ़, अमरख जी, तारा संस्थान, केंद्रीय कारागार, मांझी का मंदिर (अमराई घाट) आदि शामिल रहे। इसके अलावा सभी ब्लॉक व ग्राम पंचायत मुख्यालयों, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, धार्मिक स्थलों आदि में भी योग शिविर हुए। साथ ही विभिन्न संस्थानों की ओर से भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

फतहसागर की पाल पर आयोजित योग शिविर में मल्लखंब का प्रदर्शन करते हुए।

योग दिवस कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता रही। वहीं जिला मुख्यालय पर कुल 95 आयोजन हुए, इनमें कुल 53 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा प्रमुख धार्मिकस्थलों, उपखण्ड व ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत मुख्यालयों, जिले भर केमहाविद्यालयों व विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, राजकीय कार्यालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों आदि में भी योग शिविर हुए। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, जोगी तालाब में प्राचार्य सी एस टाक के सान्निध्य में योगाभ्यास किया गया। राज्य स्तरीय ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागी लेक्रोज खिलाड़ियों नेप्रशिक्षक नीरज बत्रा के निर्देशन में गांधी ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

- फतहसागर पाल पर आकर्षण का केंद्र रहा मल्लखंब प्रदर्शन

आईसीआईसीआई आरसेटी, उदयपुर में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सोजन्य से योगा दिवस मनाया गया। इसमें फाउंडेशन के योग प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। आईसीआईसीआई आरसेटी उदयपुर के संयुक्त निदेशक अमर दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

महाराणा प्रताप खेल गांव में जिला प्रशासन, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद एवं क्षैत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया।जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल के निर्देशन में योगाचार्य रीना पुरोहित ने योगाभ्यास कराया।

कार्यालय ग्राम पंचायत धावड़िया, पंचायत समिति भीण्डर, जिला उदयपुर

क्रमांक:निविदा/2024-25/ग्र.प./14 दिनांक-20.6.2025

खुली ई निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धावडिया में डीएमएफडी अन्तर्गत स्वीकृत कुल 4 कार्य कुल राशि 20.01 लाख हेतु पंजीकृत संवेदको/फर्मो के माध्यम से ऑनलाईन ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसकी ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम दिनांक 26.06.2025 है। विस्तृत विवरण / जानकारी **www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 .ZUD2526WSOB01032 . ZUD2526WSOB01033 ZUD2526WSOB01034. ZUD2526WSOB01035

प्रशासक
ग्राम पंचायत धावडिया
पं.स. भीण्डर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धावडिया
पं.स. भीण्डर

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India
रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत

निम्नांकित ऋणियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

ऋणियों का नाम एवं पता	प्रतिभूत आस्तियों/ बंधक सम्पत्ति का विवरण	नोटिस 13(2) की दिनांक	बकाया राशि (नोटिस 13(2) के अनुसार)
श्रीमती पूजा रानी पत्नी श्री राकेश कुमार नायक एवं सह-ऋणी श्री राकेश कुमार नायक पुत्र श्री खेम चन्द फ्लैट नं. ए-112, ए-ब्लॉक, आर्ची गैलेक्सी, राजस्व गाँव जिंक स्मेल्टर देबारी, पावर हाउस के पास, देबारी, जिला उदयपुर, राजस्थान-313001 एवं मकान नं. 238, भट्टा कॉलोनी, वार्ड नं. 09, हनुमानगढ़, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान-335512	श्रीमती पूजा रानी पत्नी श्री राकेश कुमार नायक एवं श्री राकेश कुमार नायक पुत्र श्री खेम चन्द के नाम साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट नं. ए-112 जो भूतल, ब्लॉक-ए, ''आर्ची गैलेक्सी'', खसरा नं. 4740 मी एवं 4741 मी, राजस्व गाँव जिंक स्मेल्टर, देबारी, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 515.00 वर्ग फीट बिल्ट अप क्षेत्र है। सीमाएं- पूर्व: लिफ्ट, पश्चिम: फ्लैट नं. 111, उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: गलियारा	11.06.2025 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 09.06.2025	दिनांक 11.06.2025 को बकाया राशि रू. 14,07,034.24(रूपये चौदह लाख सात हजार चौंतीस एवं पैसे चौबीस मात्र) (दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि।

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्